MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -21 मंदसौर, 12 नवम्बर 2025 बुधवार से 18 नवम्बर 2025 तक पृष्ठ -4 किमत 2 रू.

## शामगढ़ में औद्योगिक क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम — 50 हेक्टेयर भूमि का आउटर सीमांकन पूरा, बनेगा नवीन औद्योगिक क्षेत्र

**यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़**

शामगढ़। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की ओर से शामगढ़ क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई है। मंगल रेकवाल जनरल मैनेजर , जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र (DTIC ) मंदसौर के नेतृत्व में मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम परासली रोड स्थित केंद्रीय विद्यालय और स्टेडियम के आगे पहुंची, जहां संयुक्त रूप से खसरा नंबर 1432/1/1/4 , जिसका क्षेत्रफल 50 हेक्टेयर भूमि का आउटर सीमांकन किया गया।

सीमांकन कार्य पूर्ण होने के बाद अब भूमि का नक्शा तैयार कर अनुमोदन के लिए शासन को भेजा जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्व विभाग द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र (DTIC )विभाग को पहले ही 50 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया जा चुका है, जिसकी सुपुर्दगी प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है।

सूत्रों के मुताबिक, इस क्षेत्र में 5 से 10 हजार वर्गफीट के लगभग 400 औद्योगिक प्लॉट बनाए जाएंगे। इन प्लॉट्स पर लगभग 400 लघु उद्योगों की स्थापना की संभावना जताई जा रही है। इससे न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि शामगढ़ क्षेत्र में



औद्योगिक गतिविधियों को भी नया आयाम मिलेगा।

प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र में बिजली, पानी और सड़क की समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यदि सभी प्रक्रियाएं नियत समय पर पूर्ण होती हैं, तो अगले तीन से चार वर्षों में उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। कार्य के दौरान शामगढ़ नगर परिषद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार यादव, सभापति बंटी अश्क ,शामगढ़ कस्बा पटवारी मुकेश सालवी , जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से मानव खोकर , लघु उद्योग निगम से इंजीनियर शशांक रुद्रवाल सहित शामगढ़ राजस्व विभाग कस्बा पटवारी मुकेश सालवी के साथ पटवारी निकिता धाकड़, निकिता गोयल प्राचीका चौधरी,प्रीति कौशल गोविंद सिकरवार अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

यह प्रयास शामगढ़ क्षेत्र के औद्योगिक भविष्य के लिए एक मील का पत्थर साबित हो सकता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती और युवाओं को नए अवसर मिलने की उम्मीद है।

## शामगढ़ में 45 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन, विधायक हरदीप सिंह डंग रहे उपस्थित — नगर में विकास की गंगा बहाने की कवायद जारी





**यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़**

शामगढ़। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कविता श्री नरेंद्र यादव के नेतृत्व में शामगढ़ नगर में लगातार विकास की गंगा बह रही है। शुक्रवार दोपहर नगर परिषद के तत्वावधान में लगभग 45 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमि पूजन विधिवत रूप से संपन्न हुआ।

भूमि पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ चामुंडा माता मंदिर कालोनी वार्ड क्रमांक 7 में किया गया, जहाँ दीपक जी पुरोहित के मकान के सामने सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन अध्यक्ष श्रीमती कविता श्री नरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष डाली बाई जोशी एवं वार्ड पार्षदों के करकमलों से किया गया।

**इन विकास कार्यों के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली एवं पेवर निर्माण कार्य किए जाएंगे।**

इनमें–

* वार्ड क्रमांक 1 में दिनेश जी के मकान से कन्हैयालाल जी के मकान तक सीसी रोड का निर्माण,
* वार्ड क्रमांक 5 में आर.के. टेलर के मकान से मृदुल मादलिया के मकान तक पेवर एवं नाली निर्माण,
* वार्ड क्रमांक 7 में डॉ. जुल्फिकार जी के मकान से चामुंडा माता मंदिर तक सीसी रोड तथा डिंपू भाई के मकान से गोपाल जी के मकान तक सीसी रोड,
* वहीं वार्ड क्रमांक 8 में वद्रीचंद जी धाकड़ के मकान से बाथरा जी के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हरदीप सिंह डंग ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई और नगर परिषद अध्यक्ष कविता यादव के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विकास कार्यों की सराहना की। विधायक डंग ने कहा कि ÷शामगढ़ नगर निरंतर प्रगति की राह पर अग्रसर है, और इन योजनाओं के माध्यम से नगर के बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।÷ कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष डाली रामगोपाल जोशी, सभापति बंटी भाई अश्क, नगर परिषद सीएमओ सुरेश यादव, इंजीनियर शिविका श्रीवास्तव, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्जुन सोनी, सोनू पुरस्वानी, मुकेश दानगढ़, कमलेश डबकरा सहित परिषद के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वार्ड वासियों में भी इन विकास कार्यों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में वार्ड निवासी गुरुजी विश्वास जी, उमेश संघवी, कैलाश डाबी, महिला मंडल से आशा वधवा, सुनीता मांदलीय, संगीता चौधरी, मंगला संघवी, रामी बहनजी, कल्पना संघवी, ज्योति मनोचा एवं सीमा सिसोदिया आदि महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

सभी ने विधायक हरदीप सिंह डंग का पुष्पमालाओं से भावभीना स्वागत किया और नगर में हो रहे निरंतर विकास कार्यों के लिए नगर परिषद अध्यक्ष कविता यादव एवं उनकी टीम की हार्दिक सराहना की।

# संपादकीय

## किसानों की बिजली की लड़ाई – वादों और हकीकत के बीच

**(यशस्वी दुनिया — साप्ताहिक विचार संपादकीय)**

मध्य प्रदेश में किसानों के लिए बिजली का मुद्दा अब एक तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि जनआंदोलन का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे निर्बाध बिजली देने का वादा करते हुए यह कहा गया था कि अब कोई खेत अधूरा नहीं रहेगा और कोई फसल सूखने नहीं दी जाएगी। लेकिन ज़मीन पर हालात उस घोषणा से मेल नहीं खाते। पिछले कुछ सप्ताहों में मंदसौर, गरोठ, शामगढ़ और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में किसानों द्वारा बिजली की अनियमितता को लेकर चक्काजाम और विरोध प्रदर्शन किए जाने की खबरें आम हो चली हैं। विडंबना यह है कि पहले किसान जितनी बिजली बिना किसी तय अवधि के मिल जाती थी, उसी में संतुष्ट थे। लेकिन जब मुख्यमंत्री ने ÷10 घंटे बिजली÷ का दावा किया, तब किसान ने इसे अधिकार के रूप में स्वीकार किया – और जब वह वादा अधूरा साबित हुआ, तब असंतोष स्वाभाविक था।

विद्युत विभाग का तर्क यह है कि किसानों को 6 घंटे दिन में और 4 घंटे रात में बिजली दी जा रही है। लेकिन असली परेशानी यहीं है – यदि इस अवधि में कहीं ट्रांसफार्मर फुंक जाए, तार टूट जाए, या मेंटेनेंस कार्य हो, तो वही बिजली कटौती भी ÷10 घंटे की आपूर्ति÷ में जोड़ दी जाती है। यानी व्यवहार में किसान को मुश्किल से 6-7 घंटे ही बिजली नसीब हो पाती है। फसलें मुरझा रही हैं, पंप जल रहे हैं, और किसान का धैर्य भी टूटने लगा है।

प्रशासन की ओर से यह भी कहा जा रहा है कि ÷स्थिति नियंत्रण में है÷ और ÷सभी जगह जाम खुलवा लिए गए हैं।÷ परंतु यह कहना आसान है, महसूस करना कठिन। जब खेतों में खड़ी फसलें पानी की कमी से सूखने लगती हैं, तब किसान के पास विरोध के अलावा क्या विकल्प बचता है? यह गुस्सा सिर्फ बिजली का नहीं, टूटे भरोसे का है।

फिर भी, इस संपादकीय का उद्देश्य सिर्फ सरकारी वादों की आलोचना करना नहीं है। यह भी उतना ही सच है कि सड़क जाम करना समाधान नहीं है। इससे आम जनता, छोटे व्यापारी, स्कूली बच्चे और बीमार मरीज तक प्रभावित होते हैं। किसान समाज का सबसे संवेदनशील और परिश्रमी वर्ग है, उसकी पीड़ा जायज है – लेकिन विरोध का तरीका ऐसा होना चाहिए जिससे आम नागरिकों को असुविधा न हो। लोकतंत्र में संवेदनशील विरोध ही सबसे शक्तिशाली हथियार होता है। सरकार को चाहिए कि वह 10 घंटे बिजली÷ की घोषणा को राजनीतिक वादा नहीं, बल्कि तकनीकी जिम्मेदारी माने। बिजली आपूर्ति के लिए ज़मीनी स्तर पर एक सटीक मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया जाए, ताकि मेंटेनेंस या फॉल्ट के कारण हुई कटौती को आपूर्ति अवधि में न जोड़ा जाए। किसान को वाकई 10 घंटे नेट बिजली मिले – तभी वादे का सम्मान होगा। किसानों के लिए बिजली केवल ऊर्जा नहीं, बल्कि जीविका की डोर है। जब सरकार इस डोर को ढीला छोड़ देती है, तब किसान का विश्वास भी डगमगा जाता है। मोहन यादव सरकार के लिए यह समय आत्ममंथन का है – कि कहीं उनके वादे किसानों के लिए गले की हड्डी÷ न बन जाएं।

**समापन विचार**

सरकार और किसान – दोनों को यह समझना होगा कि एक-दूसरे के बिना कोई भी व्यवस्था टिक नहीं सकती। बिजली देने वाले और फसल उगाने वाले – दोनों की नियति एक-दूसरे से जुड़ी है। ज़रूरत है संवाद की, समाधान की और संवेदनशीलता की। यदि यह तीनों मिल जाएं, तो चक्काजाम नहीं, विश्वास का उजाला फैलेगा – और वही सच्चा विकास कहलाएगा।

**संपादकीय कैलाश विश्वकर्मा संपादक यशस्वी दुनिया साप्ताहिक**

### सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली कानून व्यवस्था की समीक्षा

# मंदसौर में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए निर्देश

मंदसौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान सीएम ने मंदसौर जिले की स्थिति का भी जायजा लिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से संवाद कर हालात की जानकारी ली और कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में शांति, सुरक्षा और नागरिकों की सुगमता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी जिलों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण, संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई और आमजन के प्रति सकारात्मक व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने भावांतर भुगतान योजना के तहत किसानों को राशि वितरण की समीक्षा की। उन्होंने समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, आगामी जनजाति गौरव दिवस के कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी ली गई और आयोजनों को प्रभावशाली एवं जनभागीदारी से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से जुड़ी गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों तक लाभ समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए।




मंदसौर जिले के एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग, एसपी विनोद कुमार मीना और एडिशनल एसपी टी.एस. बघेल उपस्थित रहे।


ट्रेवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा






दूध डेयरी का सामान



डेयरी
संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।



साथ ही



आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।



L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268






प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन



एण्ड डीजे साउंड

हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।






चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर

आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814



आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।

नैत्र रोग विशेषज्ञ– डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले चार गिरफ्तार

## धाकड़ समाज ने बकाया आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन



मंदसौर। पुलिस ने भानपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम संधारा में घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 26-27 अक्टूबर 2025 की रात को हुई थी, जिसमें फरियादी मदनलाल धाकड़ और उनके परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को धाकड़ समाजजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर सीएसपी को ज्ञापन सौंपा और शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। फरियादी मदनलाल धाकड़ (66) के अनुसार, उनका आरोपी भीमराज गुर्जर से रास्ते को लेकर पुराना विवाद था। भीमराज पहले उनकी जमीन पर खेती करता था। घटना वाले दिन, भीमराज के बेटे हरिओम ने बाउंड्री के खंभे उखाड़ दिए थे, जिससे विवाद और बढ़ गया। उसी रात करीब 10 बजे, भीमराज गुर्जर अपने बेटे हरिओम, भाई अर्जुन और कनिराम (कन्हैयालाल) के साथ मदनलाल के घर पहुंचा। आरोपियों ने दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया और मदनलाल व उनके परिवार पर लाठियों से हमला कर दिया। भीमराज ने मदनलाल के सिर पर वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस हमले में मदनलाल के बेटे बनेसिंह का हाथ टूट गया, और अर्जुन ने उनके सिर पर भी प्रहार किया। जब मदनलाल की पत्नी, बहू सुनीता और पोती प्रज्ञा सहित अन्य परिवार के सदस्यों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को सीएचसी भानपुरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें झालावाड़ रेफर कर दिया गया। भानपुरा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान ग्राम संधारा निवासी भीमराज पिता रामलाल गुर्जर (44), हरिओम पिता भीमराज गुर्जर (21), अर्जुन पिता तुलसीराम गुर्जर (25) और कन्हैयालाल पिता तुलसीराम गुर्जर (27) के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों से हथियार और अन्य साक्ष्यों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

इधर, धाकड़ समाज का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचा और एसपी विनोद कुमार मीणा के नाम सीएसपी जितेंद्र भास्कर को ज्ञापन सौंपकर बचे हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। समाजजनों का कहना है कि इस हमले में चार से अधिक लोग शामिल थे, जिनकी पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। सीएसपी जितेंद्र भास्कर ने बताया कि समाज की मांगें सुनी गई हैं। यदि जांच में अन्य लोगों की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनकी भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# गांजा तस्करी का फरार आरोपी प्रतापगढ़ से गिरफ्तार




मंदसौर। वायडी नगर पुलिस ने मादक पदार्थ गांजे की तस्करी के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद उर्फ मोहम्मद अली सैय्यद को प्रतापगढ़ (राजस्थान) से पकड़ा गया है। वह 24 सितंबर 2025 को दर्ज एक मामले में घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। आरोपी ने एक कार चालक को गांजे की सप्लाई की थी, जिसे पुलिस ने पहले ही पकड़ लिया था। यह मामला 24 सितंबर 2025 को मुल्तानपुरा चौकी पर एक मुखबिर की सूचना के बाद दर्ज किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कार (क्रमांक MP-04 CL-0651) का चालक अवैध गांजा लेकर जाने वाला है।

**चालक फज्जु हुआ था गिरफ्तार**

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार चालक फज्जु पिता मुश्ताक कागला मुल्तानी (32 वर्ष, निवासी कोडिया डेरा मुल्तानपुरा, मंदसौर) को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ वायडी नगर थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

**पूछताछ में सामने आया मोहम्मद का नाम**

विवेचना के दौरान, गिरफ्तार आरोपी फज्जु कागला ने बताया कि उसने यह अवैध गांजा मोहम्मद उर्फ मोहम्मद अली सैय्यद पिता रमजान अली सैय्यद (निवासी तलाई मोहल्ला, प्रतापगढ़) से प्राप्त किया था।













# किसानों को हर खेत की सिंचाई के लिए मिलेगा पानी

## सहकारी बैंक द्वारा 55 किसानों को स्प्रिंकलर उपकरण क्रय हेतु किया ऋण वितरित

मंदसौर 6 नवंबर 2025/ जिले के ग्राम असावती में स्थित संस्था सावती में सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के अंतर्गत 55 किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर उपकरण क्रय हेतु ऋण प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, सुवासरा विधायक श्री हरदीप सिंह डंग तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार एवं विधायक श्री हरदीप सिंह डंग ने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के माध्यम से किसानों को ÷हर खेत तक पानी÷ पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे जल संरक्षण और फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली का अधिकतम उपयोग करें।



विधायक श्री डंग ने कहा कि हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि खेतों में फसलों की सिंचाई अब स्प्रिंकलर से ही की जाएगी। इससे जल की बचत के साथ फसलों की पैदावार भी बढ़ेगी। उन्होंने किसानों से यह भी आग्रह किया कि कोई भी किसान पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त न करे तथा सभी किसान आपसी सामंजस्य बनाकर सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ उठाएँ।

इस अवसर पर यह भी बताया गया कि शामगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के अंतर्गत ÷किलगारी से अंगारी तक÷ के किसानों को पर्याप्त सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जाएगा। सहकारी बैंक द्वारा प्रदत्त ऋण से किसान अब आधुनिक सिंचाई उपकरणों का उपयोग कर सकेंगे, जिससे फसलों की उत्पादकता और कृषि आय दोनों में वृद्धि होगी।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद मंदसौर में अलर्ट



मंदसौर। दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके के बाद पूरे देश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इसी कड़ी में मंदसौर पुलिस भी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। सोमवार देर रात करीब 1 बजे एसपी विनोद कुमार मीणा स्वयं पुलिस बल और डॉग स्क्वायड के साथ अष्टमुखी पशुपतिनाथ मंदिर मेला प्रांगण पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने मेले के अलावा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी सघन चेकिंग अभियान चलाया।

**मेले में दुकानों की तलाशी, चेक किए आधार कार्ड-** देर रात मेला प्रांगण पहुंची पुलिस टीम ने मेले में लगी दुकानों की तलाशी ली और दुकानदारों के आधार कार्ड की जांच की। इसके साथ ही झूले, चकरी और मेला प्रांगण के हर कोने में डॉग स्क्वायड के साथ सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

**रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी चेकिंग-** मेले के बाद एसपी विनोद कुमार मीणा, एडिशनल एसपी तेर सिंह बघेल, सीएसपी जितेंद्र भास्कर, सिटी कोतवाली टीआई पुष्पेंद्र सिंह राठौर, नई आबादी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौर, वाय.डी. नगर थाना इंचार्ज विनय बुन्देला और उपनिरीक्षक कपिल सौराष्ट्र ने पुलिस टीम के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी चेकिंग अभियान चलाया। यहां यात्रियों की तलाशी ली गई और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

**कोई संदिग्ध नहीं मिला**

पुलिस के अनुसार, पूरे चेकिंग अभियान के दौरान कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिली।

एसपी बोले- चप्पे-चप्पे पर नजर है

एसपी विनोद कुमार मीणा ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा कि- ÷सुरक्षा की दृष्टि से यह चेकिंग अभियान चलाया गया है। दिल्ली में जो हादसा हुआ है, वह दुखद है। मंदसौर पुलिस पूरी तरह अलर्ट है और जिले के चप्पे-चप्पे पर हमारी नजर बनी हुई है।

# मंदसौर मास्टर प्लान में विसंगति दूर करने की मांग – जांगिड़ ब्राह्मण सुथार पंचायत ने सौंपा ज्ञापन, जनप्रतिनिधियों से की सुधार की अपील

यशस्वी दुनिया ⊙ मंदसौर

मंदसौर (निप्र), 8 नवम्बर 2025। श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुथार पंचायत चंद्रपुरा ट्रस्ट ने मंदसौर मास्टर प्लान में सामने आई विसंगति को लेकर आपत्ति दर्ज करते हुए जनप्रतिनिधियों से इस पर तत्काल सुधार की मांग की है। पंचायत का कहना है कि नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा हाल ही में राजपत्र में प्रकाशित मंदसौर मास्टर प्लान में समाज की चंद्रपुरा स्थित भूमि को ÷मेला प्रयोजन÷ एवं अन्य अर्ध-शासकीय कार्यों के लिए आरक्षित कर दिया गया है, जबकि यह भूमि समाज के स्वामित्व व आधिपत्य में है।

**समाज की सहमति के बिना भूमि आरक्षित करने पर आपत्ति**

समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह भूमि लंबे समय से समाज द्वारा छात्रावास, धर्मशाला एवं अन्य सामाजिक प्रयोजनों के विकास के लिए प्रस्तावित है। इस संबंध में पंचायत के लोक न्यायाधीश, प्रशासक अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी पहले से ही विधिवत अनुमति लेकर विकास कार्यों की दिशा में प्रयासरत हैं। समाज की सहमति के बिना भूमि को मेला प्रयोजन हेतु आरक्षित करना अन्यायपूर्ण है।

**जनप्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन-**इस संबंध में श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुथार पंचायत के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा,सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर विधायक विपिन जैन एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि मास्टर प्लान में समाज की भूमि को पुनः पूर्व स्थिति में बहाल किया जाए और राजपत्र से आरक्षण को हटाया जाए। जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए समाज को आश्वासन दिया कि मामले की समीक्षा कर शीघ्र सुधार किया जाएगा।



**समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य रहे उपस्थित-**ज्ञापन सौंपने के अवसर पर श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुथार पंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक झलोया, उपाध्यक्ष मांगीलाल झटावा, अनिल तिवारी, जगदीश झलोया, सचिव चंद्रशेखर तिवारी,कोषाध्यक्ष अर्जुन झलोया, सह कोषाध्यक्ष रणछोड़ हंसवार, सह सचिव बंसीलाल झलोया, लोकन्यास के ट्रस्टी दीपक गाजवा, पार्षद राजेश धारणिया, राधेश्याम झटावा,श्रीमती शीतल झलोया, लोकेश झटावा,अंकित झलोया, विभव हंसवार,राधेश्याम शर्मा, डॉ. श्याम तिवारी, शिवदयाल शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा (छोटू भाई), पंकज गाजवा, मनीष शर्मा, कुणाल कश्यप, शरद तिवारी, जितेंद्र शर्मा, अभिनव झलोया, राजेश शर्मा, दिनेश शर्मा, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

**समाज ने जताई उम्मीद-**समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि जांगिड़ ब्राह्मण सुथार समाज सदैव शिक्षा, सेवा और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। ऐसे में समाज की उपयोगी भूमि को सार्वजनिक प्रयोजन हेतु आरक्षित किया जाना अन्यायपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए भूमि को समाज के विकास कार्यों के लिए यथावत रखा जाए।





समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षो से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306